# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 09.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा के दूसरे भाग में विद्यार्थियों से करेंगे संवाद, परीक्षार्थियों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उपयोगी सलाह करेंगे साझा।**

2. **केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आसनसोल–बोकारो के बीच नई ट्रेन को किया रवाना, कहा–केंद्र का झारखंड और पड़ोसी राज्यों से कनेक्टिविटी पर है जोर।**

3. **केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के गवर्नर से मुलाकात कर द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा, इंडिया पवेलियन का किया उद्घाटन।**

4. **राजधानी रांची, पूर्वी सिंहभूम, पलामू समेत कई जिलों के न्यूनतम तापमान में उतार–चढ़ाव जारी, 9 द□मलव 9 डिग्री पहुंचा रांची का न्यूनतम तापमान ।**

5. **एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने जीते एक स्वर्ण सहित पांच पदक, अंक तालिका में छठे स्थान पर रही भारतीय टीम।**

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह परीक्षा पे चर्चा 2026 के दूसरे भाग में देश के विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह दस बजे विभिन्न मंचों से प्रसारित किया जाएगा। कुछ ही दिनों में होने जा रही बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए विद्यार्थियों से संवाद का मुख्य केन्द्र परीक्षा का दबाव, तैयारियों की रणनीति, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के प्रति सकारात्मक सोच में मदद करना होगा। परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण के दूसरे भाग का प्रसारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यू–ट्यूब चैनल, दूरदर्शन और शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण Waves और OTT पर भी किया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा के इस सत्र में प्रधानमंत्री बोर्ड परीक्षाओं के तरीके, आत्विश्वाास पैदा करने, सकारात्मक बने रहने और मानसिक तनाव और दबाव जैसी आम चुनौतियों से निपटने के बारे में उपयोगी सलाह साझा करेंगे।

***********************

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पश्चिम बंगाल में रेल परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ आसनसोल से बोकारो स्टील सिटी के बीच नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। इस नई रेल सेवा से बोकारो सहित झारखंड के औद्योगिक और श्रमिक क्षेत्रों का पश्चिम बंगाल से संपर्क मजबूत होगा और दैनिक यात्रियों को सुविधा मिलेगी। कुमारपुर रोड ओवर ब्रिज के राष्ट्र को समर्पण से झारखंड, पश्चिम बर्धमान और आसनसोल के बीच सड़क और रेल संपर्क सुगम होगा। रेल मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड और पड़ोसी राज्यों में रेल बुनियादी ढांचे के विस्तार से औद्योगिक विकास, सुरक्षा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई गति दे रही है।

***********************

गोड्डा समाहरणालय में अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू की अध्यक्षता में नगर निकाय चुनाव के गोड्डा नगर परिषद और महागामा नगर पंचायत को लेकर बैठक की गई। इसमें चुनाव प्रचार के दौरान आय व्यय एवं आचार संहिता पर चर्चा की गई। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि निकाय चुनाव के दौरान सोशल मीडिया की भी कड़ी निगरानी की जाएगी और चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।

***********************

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने रांची में कहा कि मनरेगा को बचाने के लिए कांग्रेस का अभियान जारी रहेगा।

इधर, भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने रांची मे पत्रकारों से बातचीत मे कहा कि कांग्रेस अब एक दिशाहीन पार्टी बनकर रह गई है।

************************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के गवर्नर अहमद बिन अब्दुल अजीज अल–ओहाली से मुलाकात कर औद्योगिक तालमेल और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री सऊदी अरब में आयोजित वर्ल्ड डिफेंस शो 2026 के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को प्रदर्शित करने वाले इंडिया पवेलियन का भी उद्घाटन किया।

************************

झारखंड के वीर शहीद तेलंगा खड़िया की जयंती पर आज गुमला सहित राजभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । वीर शहीद तेलंगा खड़िया ने अंग्रेजों के खिलाफ मालगुजारी, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई थी। आज उनकी जयंती पर वीर शहीद तेलंगा खड़िया समिति की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

************************

गोड्डा के मजिदिया मुसाफिर खाना में हज यात्रा को लेकर प्रशिक्षण सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीओ बैद्यनाथ उरांव ने कहा कि इस शिविर में हज पर जाने वाले सताइस यात्रियों की स्वास्थ जांच के बाद प्रशिक्षण दिया गया।

************************

राजधानी रांची, पूर्वी सिंहभूम, पलामू समेत कई जिलों के न्यूनतम तापमान में उतार चढ़ाव जारी है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान रांची का न्यूनतम पारा नौ दशमलव नौ डिग्री सेल्सियल रिकॉर्ड किया गया। वहीं डाल्टनगंज का 11 डिग्री और पूर्वी सिंहभूम का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास है।

************************

- रांची के होटवार जेल से एक साल पहले फरार हुए पीएलएफआई उग्रवादी समीर तिर्की को गुमला जिले की पुलिस से गिरफ्तार कर लिया है।
- लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखंड में मोटरसाइकिल से गिरकर एक महिला की मौत हो गई।

************************

चीन के तियानजिन में आयोजित एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने पांच पदक जीतकर अपना अभियान समाप्त किया और पदक तालिका में छठा स्थान हासिल किया। तेजस्विन शंकर ने कल पुरुषों की हेप्टाथलॉन स्पर्धा में भारत का एकमात्र स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। खेलों के अंतिम दिन भारत ने तीन और पदक अपने नाम किए, जिनमें पूजा ने ऊंची कूद में रजत, तजिंदरपाल सिंह तूर ने शॉट पुट में रजत और एंसी सोजन ने लंबी कूद में कांस्य पदक जीता।

************************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने निकाय चुनाव की तैयारी और मौसम की खबर पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर ने** लिखा है नगर निकाय चुनाव में एक सौ करोड़ रूपये खर्च होंगे, इस बार तीस प्रतिशत बढ़ा बजट।

**हिन्दुस्तान ने** झारखंड बजट में प्रावधान की खबर को प्रमुखता दी है जिसका शीर्षक है हर पंचायत में सामुदायिक शौचालय और बर्तन बैंक।

**प्रभात खबर ने** वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों के लिए बीमा राशि पांच लाख रूपये से बढ़ाकर दस लाख रूपये करने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण, अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मलेशिया दौरे की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

************************